भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY BANARAS HINDU UNIVERSITY

☎ 0542 2366676: e-mail : pro.ppc@itbhu.ac.in

कुलसचिव कार्यालय (प्रेस एवं प्रचार प्रकोष्ठ)

हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

Office of the Registrar (Press & Publicity Cell)

दिनांक : 26.05.2019

तकनीकी क्षेत्र की भी भाषा बने हिन्दी

वाराणसी | निज संवाददाता

आईआईटी बीएचयू में शनिवार को हिन्दी को तकनीकी क्षेत्र की भी भाषा बनाने पर मंथन हुआ। अवसर था राजभाषा हिन्दी सम्मेलन का जिसमें देश भर से हिन्दी अधिकारी पहुंचे थे। वक्ताओं ने कहा कि आमजन की भाषा का अधिकाधिक प्रयोग प्रत्येक क्षेत्र में बढ़ाया जाना चाहिए।

आईआईटी खड़गपुर के वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी डॉ. राजीव कुमार रावत ने कहा कि हिन्दी जब तकनीक की भाषा बनेगी तब अधिक से अधिक लोग तकनीक की बारीकियों को समझ सकेंगे। डीरेका के वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि कार्यालय में भी हिन्दी में काम को बढ़ावा देना होगा। अध्यक्षता आईआईटी के कार्यवाहक निदेशक प्रो. केके शुक्ला ने की। स्वागत प्रो. सुशांत कुमार श्रीवास्तव, संचालन अनिल कुमार त्रिपाठी तथा धन्यवाद कुलसचिव डॉ. एसपी माथुर ने दिया। इस अवसर पर आईआईटी मुंबई की हिन्दी अधिकारी वैशाली शशिकांत बहुलकर, आईआईएम रायपुर के प्रभारी हिन्दी अधिकारी अश्वनी कुमार भारद्वाज, डॉ. प्रज्ञा शुक्ला, विचित्रसेन गुप्त ने भी विचार व्यक्त किए।